# झाँसी नगर निगम, झाँसी

हरित झाँसी

स्वच्छ झाँसी

पत्रांक:-1570/जनकार्य वि०/न०नि०/2026-27

दिनांक:-24-09-2026

## संशोधित ई–निविदा सूचना

कृपया नगर निगम झाँसी द्वारा नगर निगम निधि (राज्य वित्त आयोग) के अन्तर्गत गढ्ढा मुक्ति/नवीनीकरण सम्बन्धित कुल 31 कार्यो की निविदायें दिनांक 18.09.2026 से 25.09.2026 तक आमंत्रित की गई है। **उपरोक्त कार्य गढ्ढा मुक्ति/नवीनीकरण से सम्बन्धित कार्य है जिसकी समीक्षा शासन स्तर से की जा रही है झाँसी शहर के विभिन्न वार्डों में वर्षा ऋतु के कारण सड़के क्षतिग्रस्त हो चुकी है। शहर की जनता की परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए गड्ढा मुक्ति सड़क नवीनीकरण से सम्बन्धित कार्य 10 अक्टूबर 2026 तक पूर्ण किये जाने है।** नगर आयुक्त महोदय को प्रेषित दायी ओर संलग्न पत्र दिनांक 18.09.2026 जो सड़क पैंच एवं गढ्ढा मरम्मत कार्यो के प्राक्कलन को नवीनत PWD SOR के अनुसार संशोधित किये जाने के सम्बन्ध मे जिस पर नगर आयुक्त महोदय द्वारा मुख्य अभियन्ता से नियम अनुसार कार्यवाही करने के निर्देशे दिये गये है। निर्देशो के क्रम में अवगत कराना है कि वर्तमान में बिटुमिन के मूल्यों में हुई उल्लेखनीय वृद्धि के कारण, पुराने दरों के आधार पर बिटुमिन कार्यो का निष्पादन व्यावसायिक रूप से अत्यन्त कठिन एवं अव्यवहारिक हो गया है। उपरोक्त कार्यों की निविदाएं पहले ही आमंत्रित की जा चुकी है, ऐसी स्थिति में अत्यधिक ऊंची दरों पर निविदाए प्राप्त होने अथवां निविदा प्रक्रिया असफल होने की सम्भावना है। जिस कारण जनहित से जुड़े इन आवश्यक सड़क मरम्मत कार्यों में अनावश्यक विलम्ब हो सकता है।

उक्त को दृष्टिगत रखते हुए लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता से वर्तमान में बिटूमिन की संशोधित दरें उपलब्ध कराये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया था जिसके क्रम में लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता द्वारा पत्रांक 3288/923 सी0–झॉ वृत्त/2026 दिनांक 18-09-2026 द्वारा दरें उपलब्ध कराई गई।(जो दाहिनी ओर संलग्न है) उक्त के व्यावहारिक कठिनाई को दृष्टिगत रखते हुए प्राक्कलनों को नवीनतम PWD SOR एवं वर्तमान बिटुमिन दरों के आधार पर विश्लेषण कर निम्नवत् दरों लागू की जाती है, साथ ही प्रचलित दरों का विवरण निम्नवत है–

| Sr. No. | Description | Unit | प्रचालित दरें | स्वीकृति हेतु प्रस्तावित दरें। |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **Bituminous Concrete Grading 2**<br>Providing and laying bituminous concrete with higher capacity batch type hot mix plant using crushed aggregates of specified grading, premixed with bituminous binder @ 5.4 percent of mix and filler, transporting the hot mix to work site, laying with a hydrostatic paver finisher with sensor control to the required grade, level and alignment, rolling with smooth wheeled, vibratory and tandem rollers to achieve the desired compaction as per MORT&H specification clause No. 507 complete in all respects | MT. | 4091.20 | 5690.00 |
| 2 | **Bituminous macadam**<br>Providing and laying Bituminous macadam with 100-120 TPH hot mix plant producing an average output of 75 tones per using crushed aggregates of specified grading premixed with bituminous binder, transported to site, laid over a previously prepared surface with paver finisher to the required grade, level and alignment and rolled as per clauses 501.6 and 501.7 to achieve the desired compaction. | MT. | 2950 | 4250.00 |
| 3 | **Tack Coat.**<br>Providing and applying tack coat with bitumen emulsion using emulsion pressure distributor @ 0.30 kg/sqm on prepared bituminous/granular surface cleaned with mechanical broom. | Sq.m | 16.75 | 27.00 |

उपरोक्तानुसार आमंत्रित निविदाओं में नवीनतम PWD SOR एवं वर्तमान बिटुमिन दरों के आधार पर निम्नवत् दरों लागू किया जाता है। आमंत्रित अल्पकालिक निविदा सूचना के क्रम सं0 6, 9, 14, 15, 17, 19, 20, एवं 21 पर अंकित कार्यो को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। शेष नियम एवं शर्ते यथावत् रहेगी।

मुख्य अभियन्ता
झाँसी नगर निगम, झाँसी

नगर आयुक्त
झाँसी नगर निगम, झाँसी

पृष्ठांकन एवं दिनांक: तदैव।

प्रतिलिपि:–

01. नगर आयुक्त महोदय, को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
02. सदस्य निविदा समिति नगर निगम, झाँसी को सूचनार्थ।
03. पी0ए0 नगर आयुक्त को विज्ञापन पंजिका में दर्ज करने हेतु।
04. आई0टी0 एक्सपर्ट नगर निगम, झाँसी को वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

मुख्य अभियन्ता
झाँसी नगर निगम, झाँसी।